# छत्तीसगढ़ के तीन शहीद जवानों को सर्वोच्च बलिदान के लिये मिला कीर्ति चक्र

## चर्चा में क्यों?

9 मई 2023 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ के तीन शहीद जवानों को नक्सल ऑपरेशन में सर्वोच्च साहस और बलिदान के लिये कीर्ति चक्र से सम्मानित किया है।

## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन में शहीद उपनिरीक्षक दीपक भारद्वाज की पत्नी प्रतिका भारद्वाज, शहीद प्रधान आरक्षक सोढ़ी नारायण की पत्नी सुशीला सोढ़ी तथा शहीद एसटीएफ प्रधान आरक्षक श्रवण कश्यप की पत्नी दुतिका कश्यप को कीर्ति चक्र प्रदान किया।
- इन तीनों जवानों को राष्ट्रपति द्वारा बस्तर अंचल के बीजापुर ज़िले में हुए नक्सल ऑपरेशन में सर्वोच्च साहस और बलिदान के लिये कीर्ति चक्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।
- गौरतलब है कि उपनिरीक्षक शहीद दीपक भारद्वाज छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा ज़िले के मालखरौदा के पिहरीद, आरक्षक शहीद सोढ़ी नारायण बीजापुर ज़िले पुनुर और एसटीएफ प्रधान आरक्षक शहीद श्रवण कश्यप बस्तर ज़िले के बनिया गाँव के रहने वाले थे।








PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3-martyred-soldiers-of-chhattisgarh-got-kirti-chakra-for-their-supreme-sacrifices